# निवेशक यूपी में तलाश रहे संभावनाएं : योगी

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कारोबारी सुगमता और बेहतर परिवेश के कारण दुनियाभर के निवेशक यूपी में उद्यम की संभावनाएं तलाश रहे हैं। साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश असीमित संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला राज्य बन गया है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश उपद्रवग्रस्त प्रदेश था, लेकिन अब उत्सव वाला प्रदेश बन चुका है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी के साथ सरोजनी नगर में स्कूटर इंडिया की भूमि पर स्थापित हिंदुजा समूह की कंपनी अशोक लेलैंड के इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) प्लांट का शुक्रवार को उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री लोगों को संबोधित कर रहे थे। 258 करोड़ रुपये की लागत से इस प्लांट का संचालन 18 माह में शुरू किया गया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता, विकसित उत्तर प्रदेश से होकर जाएगा।



योगी आदित्यनाथ। फाइल

मुख्यमंत्री ने हिंदुजा परिवार का आभार जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए यह निवेश महत्वपूर्ण है। वर्ष 2017 के पहले यूपी की अराजकता किसी से छिपी नहीं थी, निवेशक पलायन कर रहे थे। हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद से साढ़े आठ वर्षों में राज्य की पहचान बदली है। 70 एकड़ भूमि पर स्थापित अशोक लेलैंड के इस प्लांट में एक वर्ष में 2500 ईवी का निर्माण होगा। अगले चरण में प्रति वर्ष पांच हजार ईवी के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इस प्लांट में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रदेश के हजारों युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज इंडस्ट्री फर्स्ट, इन्वेस्टर्स फर्स्ट के दृष्टिकोण से देश-दुनिया के हर निवेशक का महत्वपूर्ण पसंदीदा स्थल बन चुका है। पिछले साढ़े आठ वर्षों में 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए। 15 लाख करोड़ के प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। अगले महीने होने वाली जीबीसी में छह लाख करोड़ के अन्य निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 2047 को ध्यान में रखते हुए यह प्लांट मेक इन इंडिया के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आर्थिक विकास का पर्याय बन चुका है। अशोक लेलैंड का ईवी निर्माण प्लांट प्रदेश को स्वच्छ और हरित परिवहन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाएगा। लखनऊ की भूमि सभी को आसानी से अपने हृदय में जगह देती है।